बिहार सरकार
कृषि विभाग

पत्रांक :—DOH/SS/03/2025 - पा॰ पा॰ एस॰ - 51 - /पटना दिनांक - 22.07.2026

प्रेषक,

कल्पना कुमारी,
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

(+) अनौपचारिक रूप से परामर्शित — द्वारा : वित्त विभाग, बिहार, पटना। (+)

विषय : **राज्य स्कीम मद से वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों के लिए कुल 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये की लागत पर पान विकास योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अन्तर्गत वितीय वर्ष 2026–27 में कुल स्वीकृत राशि 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये के अधीन कुल 328.53 लाख (तीन करोड़ अठाईस लाख तिरेपन हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

राज्य स्कीम मद से वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों के लिए कुल 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये की लागत पर पान विकास योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अन्तर्गत वितीय वर्ष 2026–27 में कुल स्वीकृत राशि 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये के अधीन कुल 328.53 लाख (तीन करोड़ अठाईस लाख तिरेपन हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**2.** विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–53, दिनांक 02.06.2025 एवं शुद्धि पत्र संख्या–93 दिनांक–17.07.2025 के द्वारा राज्य स्कीम मद से वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों के लिए कुल 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये की लागत पर पान विकास योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत्यादेश द्वारा वितीय वर्ष 2026–27 में कुल स्वीकृत राशि 740.25 लाख (सात करोड़ चालीस लाख पच्चीस हजार) रूपये के अधीन कुल 328.53 लाख (तीन करोड़ अठाईस लाख तिरेपन हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अतएव यह एक चालू योजना है।

**3.** विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–53, दिनांक 02.06.2025 एवं शुद्धि पत्र संख्या–93 दिनांक–17.07.2025 के द्वारा स्वीकृत योजना अन्तर्गत पान क्षेत्र विस्तार घटक हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित भौतिक लक्ष्य 630000 वर्ग मीटर के विरुद्ध 279600 वर्ग मीटर की उपलब्धि प्राप्त होने के कारण वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 279600 वर्ग मीटर के लिए ही आवश्यक राशि 328.53 लाख (तीन करोड़ अठाईस लाख तिरेपन हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इससे संबंधित जिलावार/वर्षवार विवरणी अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है।

**4.** पान विकास योजनान्तर्गत बरेजा में पान की खेती हेतु प्रति कृषक 100 वर्ग मीटर (0.01 हे॰) के लिए 11750.00 (ग्यारह हजार सात सौ पचास) रूपये मात्र का अनुदान प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी के भौतिक सत्यापनोपरांत संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी के द्वारा जांचोपरान्त भुगतान किया जायेगा।

**5.** इस योजना का कार्यान्वयन संबंधित जिला के जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

D:\YOJNA 2026-27\ASO2(Gaurav)\pan vikas yojna (328.53)1.doc

6. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक उद्यान, बिहार होंगे। निदेशक, उद्यान समय–समय पर योजना के कार्यान्वियन एवं प्रगति की समीक्षा स्वयं करेंगे।

7. योजना कार्यान्वयन के क्रम में यथावश्यक संशोधन प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अधीन किया जा सकेगा।

8. योजना की शेष कंडिकाएँ एवं शर्तें मूल स्वीकृत्यादेश संख्या– 53, दिनांक 02.06.2025 एवं शुद्धि पत्र संख्या–93 दिनांक–17.07.2025 के अनुरूप ही रहेंगी।

9. योजना अन्तर्गत स्वीकृत राशि की निकासी संलग्न अनुसूची – 02 के आलोक में संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा संबंधित कोषागार से BTC Form-25 पर CFMS 2.0 के विहित रीति से वित्त विभागीय पत्रांक–2561 दिनांक–17.04.1998 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जा सकेगा।

10. योजना का कार्यान्वयन तथा राशि की निकासी एवं व्यय सामान्य कोटि के लिए उपबंधित राशि से किया जायेगा।

11. योजना के लिए वितीय वर्ष 2026–27 में बजट उपबंध से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है:–

(राशि लाख रू० में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119– बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या 01, उप शीर्ष 0101– उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401001190101, विषय शीर्ष – 0101-3301 सब्सिडी। | 11578.00 | 328.53 |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या 01, उप शीर्ष – 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007890130, विषय शीर्ष – 0130-3301 सब्सिडी। | 2240.00 | 0.00 |
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष– 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या 01, उपशीर्ष 0152 – उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007960152, विषय शीर्ष 0152-3301 सब्सिडी। | 0.00 | 0.00 |
| **कुल** | **13818.00** | **328.53** |

12. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 दिनांक–03.12.2024 तथा पत्रांक–201/वि0 दिनांक–13.03.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में चालू योजना के रूप में योजना कार्यान्वयन हेतु राशि के निकासी एवं व्यय के प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–DOH/SS/03/2025 के पृष्ठ संख्या–55/टि० पर दिनांक–21.07.2026 को प्राप्त है।

13. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या – 7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकर, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

14. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–DOH/SS/03/2025 के पृष्ठ संख्या–53/टि० पर दिनांक–14.07.2026 को प्राप्त है, जिसकी डायरी संख्या–478 दिनांक–14.07.2026 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(कल्पना कुमारी)
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\YOJNA 2026-27\ASO2(Gaurav)\pan vikas yojna (328.53)1.doc

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07. 2026

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07. 2026

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07 2026

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07.2026

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना/सभी संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07.2026

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, कृषि के प्रधान आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/अपर कृषि निदेशक, प्रसार, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक/संबंधित उप निदेशक उद्यान/संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी/संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी/संबंधित, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DOH/SS/03/2025 - पी०पी०एम० - 51 - /पटना दिनांक - 22.07.2026

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई-मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\YOJNA 2026-27\ASO2(Gaurav)\pan vikas yojna (328.53)1.doc



## अनुसूची–1

# वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 पान विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में भौतिक उपलब्धि के आलोक में राशि की विवरणी

पान क्षेत्र विस्तार का लक्ष्य (भौतिक वर्गमीटर में एवं वित्तीय लाख रूपये में)

| | | वित्तीय वर्ष 2025–26 | | | वित्तीय वर्ष 2026–27 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **District** | **Unit** | **Phy Target** | **Financial Target** | **Phy Target** | **Financial Target** | **Physical Achievement** | **Amount Required according to Phy.Achv.** |
| 1 | Aurangabad | SQM | 80000 | 0 | 80000 | 94.00000 | 31200 | 36.66000 |
| 2 | Bhagalpur | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 26200 | 30.78500 |
| 3 | Darbhanga | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 25400 | 29.84500 |
| 4 | Gaya | SQM | 80000 | 0 | 80000 | 94.00000 | 14300 | 16.80250 |
| 5 | Munger | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 6600 | 7.75500 |
| 6 | Muzaffarpur | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 8300 | 9.75250 |
| 7 | Nalanda | SQM | 100000 | 0 | 100000 | 117.50000 | 49400 | 58.04500 |
| 8 | Nawada | SQM | 130000 | 0 | 130000 | 152.75000 | 49900 | 58.63250 |
| 9 | Samastipur | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 17700 | 20.79750 |
| 10 | Saran | SQM | 30000 | 0 | 30000 | 35.25000 | 12600 | 14.80500 |
| 11 | Sheikhpura | SQM | 10000 | 0 | 10000 | 11.75000 | 3000 | 3.52500 |
| 12 | Vaishali | SQM | 50000 | 0 | 50000 | 58.75000 | 35000 | 41.12500 |
| | **Total** | | **630000** | **0** | **630000** | **740.25000** | **279600** | **328.53000** |

बिजय कुमार पंडित

(अभिषेक कुमार)



## अनुसूची–2

## वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 पान विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में जिलावार/कोटिवार राशि की विवरणी

(वित्तीय लाख रूपये में)

| S.No | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला उद्यान पदाधिकारी, औरंगाबाद | 36.66000 | 0 | 0 | 36.66000 |
| 2 | जिला उद्यान पदाधिकारी, भागलपुर | 30.78500 | 0 | 0 | 30.78500 |
| 3 | जिला उद्यान पदाधिकारी, दरभंगा | 29.84500 | 0 | 0 | 29.84500 |
| 4 | जिला उद्यान पदाधिकारी, गया जी | 16.80250 | 0 | 0 | 16.80250 |
| 5 | जिला उद्यान पदाधिकारी, मुंगेर | 7.75500 | 0 | 0 | 7.75500 |
| 6 | जिला उद्यान पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर | 9.75250 | 0 | 0 | 9.75250 |
| 7 | जिला उद्यान पदाधिकारी, नालन्दा | 58.04500 | 0 | 0 | 58.04500 |
| 8 | जिला उद्यान पदाधिकारी, नवादा | 58.63250 | 0 | 0 | 58.63250 |
| 9 | जिला उद्यान पदाधिकारी, समस्तीपुर | 20.79750 | 0 | 0 | 20.79750 |
| 10 | जिला उद्यान पदाधिकारी, सारण | 14.80500 | 0 | 0 | 14.80500 |
| 11 | जिला उद्यान पदाधिकारी, शेखपुरा | 3.52500 | 0 | 0 | 3.52500 |
| 12 | जिला उद्यान पदाधिकारी, वैशाली | 41.12500 | 0 | 0 | 41.12500 |
| | **कुल** | **328.53000** | **0** | **0** | **328.53000** |

बिजय कुमार पंडित

(अभिषेक कुमार)